भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग श्यामला हिल्स भोपाल

Website: www.bsgmp.net_mail: bsgmadhypradesh@gmail.com, phone 2661263,fax:2737446

क्रमांक/343/रा.मु/अंकेक्षण/2018 भोपाल दिनांक 23./04/2018

प्रति

1. समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट–गाइड)
   भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
   संभागीय कार्यालय ....

2. समस्त जिला संगठक (स्काउट–गाइड)
   भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
   जिला संघ ....

विषय :– यात्रा देयक निर्धारित समय–सीमा में प्रस्तुत करने बाबत।

सन्दर्भ :– वित्त समिति की बैठक दिनांक 07.03.2018 में लिए गए निर्णय के परिपालन में।

----000----

प्रायः देखने में आया है कि संभाग/जिलो में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के यात्रा देयक त्रुटिपूर्ण एवं वांछित अभिलेखो के बगैर ही भेज दिये जाते है। यह भी देखने में आया है कि यात्रा भत्ता देयक प्रतिमाह नही भेज कर एक साथ कई माहो के देयक प्रस्तुत किये जाते है , जो सर्वथा अनुचित है।

ज्ञातव्य हो कि सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का./गा.) स्तर पर प्रस्तुत यात्रा देयक बगैर छानबीन (परीक्षण) के प्रमाणित कर भेज दिये जाते है। जिसके कारण त्रुटियां होने पर बार-बार उन्हे वापस सुधार हेतु भेजना पडता है। उक्त कारण से संस्था को अनावश्यक व्ययभार/समय नष्ट करना पडता है।

अतएवं निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में यात्रा समाप्ति के एक माह में एवं विशेष परिस्थिति में तीन माह में सम्पूर्ण अभिलेखों एवं स्पष्ट दिनांक एवं समय पूर्वान्ह/अपरान्ह अंकित करते हुए वास्तविक यात्रा बस/ट्रेन टिकिट सहित प्रमाणीकरण के साथ ही यात्रा देयक प्रस्तुत किया जावें। निर्धारित समयसीमा/वांछित जानकारी एवं अभिलेखो के अभाव में यात्रा देयक प्रस्तुत होने की स्थिति में यात्रा देयक अमान्य किए जा सकते है।

अतः भविष्य में उपरोक्त निर्देशो का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
भोपाल दिनांक 23./04/2018

क्रमांक/344/रा.मु/अंकेक्षण/2018

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. राज्य मुख्य आयुक्त, राज्य मुख्यालय भोपाल।
2. राज्य कोषाध्यक्ष, राज्य मुख्यालय भोपाल।
3. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट–गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल।
4. राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट–गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल।
5. समस्त अधिकारी/कर्मचारी, राज्य मुख्यालय/संभागीय मुख्यालय/जिला मुख्यालय, भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.